# खैरथल-तिजारा बनेगा देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र : सीएम भजन लाल शर्मा

**खैरथल-तिजारा/जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि खैरथल-तिजारा आने वाले समय में राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दिल्ली-एनसीआर से निकटता, भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ ही डबल इंजन सरकार के सकारात्मक प्रयासों से यह क्षेत्र तेजी से उभर रहा है। सरकार यहां के समग्र विकास, सुगम आवागमन और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक सुविधाओं के लगातार विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को खैरथल में आयोजित कार्यक्रम में अलवर, खैरथल-तिजारा और कोटपूतली-बहरोड़ के विकास के लिए 117 करोड़ रुपये के 95 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में भ्रष्टाचार को समाप्त कर ग्राम पंचायत स्तर तक सहकारी समितियों को सक्रिय किया है। यही कारण है कि करीब 10 लाख नए सदस्य सहकारिता से जोडे जा चुके हैं। पिछले ढाई वर्षों में दूध का उत्पादन प्रतिदिन 34 लाख लीटर से बढ़कर 47 लाख लीटर हो गया है। वहीं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ ही राज्य सरकार भी किसानों के हित में अतिरिक्त सम्मान निधि उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए कौशल एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। युवाओं को 1 लाख 90 हजार सरकारी नियुक्तियां देने के अलावा 1 लाख 22 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। लखपति दीदी योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं की संख्या करीब 11 लाख से बढ़कर 19 लाख हो गई है। वहीं, 57 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा गया है और 928 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध करवाया गया है।केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में खैरथल क्षेत्र के विकास के लिए जिला मुख्यालय, मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम और बस स्टैंड जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्य किया जा रहा है। भिवाड़ी के औद्योगिक विकास को पूरे खैरथल जिले से जोड़ते हुए चहुंमुखी प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के बजट का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की बजट घोषणाओं में से अधिकांश कार्य पूर्ण हो रहे हैं तथा अनेक कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा है। इस दौरान विधायक महंत बालकनाथ, सुखवंत सिंह, कुलदीप धनकड़, हंसराज पटेल, देवी सिंह शेखावत, अलवर महापौर सुमनलता अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।


खैरथल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का वन मंत्री संजय शर्मा ने स्वागत किया।

- **पानी, बिजली और सड़क के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्य**

## मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा के एजेन्ट : बैरवा

**दौसा** (निसं.)। दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत के साथ देशद्रोह किया है, उन्होने मुख्य चुनाव आयुक्त के भेष में भाजपा का एजेंट बनकर लोकतंत्र लटूने का काम किया है, उन्हे हर हाल में स्तीफा देना होगा।

दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि नेता विपक्ष के नेता राहुल गांधी 2 साल से चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत से वोट चोरी की सच्चाई देश को बता रहे हैं। उन्होने कहा कि चुनाव आयुक्त द्वारा नए वोटर जोड़ने, वोटर लिस्ट से नाम काटने, एसआईआर प्रक्रिया एवं 'फॉर्म 6' में अनधिकृत बदलाव करने जैसे कई विषयों पर गंभीर आपत्ति सामने आना इस बात का सबूत है कि बड़े स्तर पर वोट चोरी हुई है। मोदी-शाह की शह के बिना ज्ञानेश कुमार की इतनी हिम्मत नहीं हो सकती। इसलिए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के साथ मोदी और शाह की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

## गरबा-डांडिया के साथ बहनों ने दिखाया शौर्य

**पावटा।** कस्बे में रविवार को दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में भव्य दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों ने मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पावन आरती के साथ किया। इसके बाद विजय महामंत्र एवं एकात्मता मंत्र का उच्चारण किया गया।

महोत्सव में गरबा, डांडिया सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने तलवार एवं दंड प्रदर्शन के माध्यम से शौर्य और आत्मरक्षा का प्रभावी प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार ने अपने संबोधन में लव जिहाद और धार्मिक कन्वर्जन के मामलों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज को ऐसे मामलों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज सुरक्षित रहेगा तो राष्ट्र भी सुरक्षित रहेगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम ने कहा कि सनातन संस्कृति में नारी को सदैव सम्मान और आदिशक्ति का स्थान दिया गया है। उन्होंने बहनों से अपनी शक्ति को पहचानकर उसे सकारात्मक दिशा में लगाने का आ ान किया। दुर्गा महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ बहनों द्वारा किए गए तलवार और दंड प्रदर्शन ने नारी शक्ति, आत्मविश्वास और शौर्य का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भाग लिया। दुर्गा वाहिनी जयपुर प्रांत की सह प्रांत कार्यवाहिका बाला बहन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजश्री स्कूल की निदेशक पुनीता यादव ने की।

# रबी सीजन के मद्देनजर किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध करवाने के आदेश

**दौसा** (निसं.)। जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं सेवाओं की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों को गति देने, आमजन को समय पर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत कार्यों के वर्क ऑर्डर शीघ्र जारी कर निर्माण कार्य शुरू करवाए जाएं। जिन कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं, उन्हें तत्काल शुरू करवाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की स्वीकृति एवं क्रियान्वयन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। जिला कलक्टर ने जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता से विभिन्न आधारभूत संरचनात्मक विकास कार्य, नए ट्रांसफार्मर लगाने, नवीन विद्युत कनेक्शन जारी करने तथा लंबित कनेक्शनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित विद्युत कनेक्शन शीघ्र जारी करने तथा विद्युत संबंधी आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम सूर्य घर योजना के तहत विद्युत कनेक्शन संबंधी कार्यवाही भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने पेयजल कनेक्शन तथा स्वीकृत हैंडपंप एवं ट्यूबवेल की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत हैंडपंप एवं ट्यूबवेल को शीघ्र चालू करवाने तथा पेयजल कनेक्शन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को पेयजल सुविधाओं का लाभ मिल सके। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता से जिले में सड़कों की स्थिति, मरम्मत कार्यों तथा नवीन सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने सड़कों की आवश्यक मरम्मत एवं निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करवाने तथा आमजन को आवागमन में सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।


जिला कलेक्टर दौसा ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये।

## सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**दौसा** (निसं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संतोष अठावाल ने सोमवार को राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, दत्तक ठाहण एजेंसी तथा सखी वन स्टॉप सेंटर का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह में विधि से संघर्षरत तथा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों से वार्ता कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही भोजन, आहार, चिकित्सा, कपड़े एवं बिस्तर सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने गृह की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बालकों से उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी लेकर उन्हें प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया तथा नियुक्त पैनल अधिवक्ताओं की जानकारी दी। दत्तक ठाहण एजेंसी के निरीक्षण के दौरान वहां निवासरत दो शिशुओं की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। सचिव ने शिशुओं को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार आहार देने तथा उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद सचिव ने सखी वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया।

# मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**खैरथल-तिजारा** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को खैरथल-तिजारा में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली और पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार राजस्थान के विकास को नई गति दे रही है और निकाय चुनाव में जनता ने भाजपा को व्यापक समर्थन देकर सरकार के कार्यों पर विश्वास व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और उसका मूल मंत्र सदैव 'पार्टी से बड़ा देश' रहा है। कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही प्रदेश के 309 नगरीय निकायों में से 204 में भाजपा के बोर्ड बने हैं। वहीं, खैरथल-तिजारा जिले के 7 निकायों में से 6 में भाजपा का बोर्ड बना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी और घर-घर तक पहुंचाएं तथा आगामी पंचायत चुनावों के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' मंत्र के साथ प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखना होगा। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के सभी वर्गों से निरंतर संवाद बनाए रखने, जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्ष के दुष्प्रचार का जवाब संयम और तथ्यों के साथ दिया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन की मेहनत, सरकार के विकास कार्यों और जनता के विश्वास के साथ पंचायत चुनाव में भी भाजपा को भारी जनादेश मिलेगा।

- **'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' मंत्र के साथ प्रत्येक बूथ पर रहें सक्रिय**
- **मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और उसका मूल मंत्र सदैव 'पार्टी से बड़ा देश' रहा है।**

## इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर ने पत्नी के साथ सुसाइड किया

**धौलपुर** । इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर ने सोमवार को पत्नी के साथ सुसाइड कर लिया। पति-पत्नी के शव अलग-अलग कमरों में फंदे से लटके मिले। पुलिस ने दोनों के शवों नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार करौली जिले के नादौती गांव निवासी बलराम मीणा (37) यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे।वह परिवार के साथ गुरुद्वारे के पास एक किराए के मकान में रहते थे।दोनों ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है।बताया जा रहा है बलराम का स्टेटस देख दोस्त पुष्पेंद्र मकान पर पहुंचा जहाँ पर दरवाजा लगा था।दोस्त ने दरवाजे को खोला तो गेट के अंदर अलग अलग कमरे में दोनों के शव फांसी के फंदे से लटके मिले।दोस्त ने जिसकी सूचना पुलिस को दी।

बलराम मीणा ने मरने से पहले अपने वॉट्सएप अकाउंट पर तीन स्टेटस लगाए।दो में अपना और पत्नी का फोटो लगाया।लास्ट में अंतिम जोहर का स्टेटस लगाया था।

पुलिस ने बताया की मृतक बलराम का एक नोट मिला है।उसमें बलराम ने पहले 26 सितंबर को सुसाइड करने का जिक्र किया है।

# भरतपुर रेंज में 889 वांछित गिरफ्तार

**भरतपुर** (निसं)। अपराधों की प्रभावी रोकथाम, वांछित एवं फरार अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध हथियार, मादक पदार्थ, अवैध शराब एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज डॉ. प्रीति चन्द्रा के निर्देशन में भरतपुर रेंज के पांचों जिलों भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली एवं सवाईमाधोपुर में एक साथ विशेष 'एरिया डॉमिनेशन' अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 310 पुलिस टीमों के 1272 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 1805 स्थानों पर दबिश देकर कुल 889 वांछित अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया। अभियान के तहत 6 इनामी अपराधी, 9 टॉप-10 अपराधी तथा 53 स्थायी वारंटी, उद्घोषित अपराधी एवं धारा 335 बीएनएसएस में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 104 गिरफ्तारी वारंट में वांछित अपराधी, आर्म्स, एनडीपीएस एवं आबकारी आदि गंभीर अपराधों में वांछित 9, हत्या, हत्या के प्रयास, लूट एवं डकैती जैसे गंभीर अपराधों में वांछित 14 तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित 88 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया वहीं धारा 170 बीएनएसएस के तहत 442 व्यक्तियों तथा स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के नवीन प्रकरणों में 164 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 8 प्रकरण दर्ज कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 315 बोर के 5 कट्टे, 5 जिंदा कारतूस, 12 बोर का एक कट्टा, एक बंदूक, एक अवैध हथकड पौना तथा एक पिस्तौल मय दो कारतूस जब्त किए गए। मादक पदार्थों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत 4 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में 15 ग्राम 7 मिलीग्राम स्मैक तथा 232 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब के 18 प्रकरण दर्ज कर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 1590 पव्वे देशी शराब, 144 पव्वे अंग्रेजी शराब, 2 लीटर हथकढ़ शराब, 120 केन बीयर तथा एक कमांडर जीप जब्त की गई।

- **310 टीमों के 1272 पुलिसकर्मियों ने 1805 स्थानों पर दी दबिश**

## 'जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए'

**टोंक।** जिला कलेक्टर टीना डाबी ने सोमवार को टोंक, टोडारायसिंह एवं पचेवर में विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर का जायजा लेते हुए विभिन्न काउंटरों पर संपादित किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिकाधिक आमजन को राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से जोडकर उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। साथ ही पात्र लाभार्थियों की पहचान करने के साथ उनको सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएं। उन्होंने विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में मौके पर ही लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभावित किया। जिला कलेक्टर ने राजस्व संबंधी सेवाओं, नामांतरण, पेंशन, आधार एवं अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही शिविर में उपस्थित आमजन एवं लाभार्थियों से फीडबैक लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनियों की निरंतर एवं समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी टोंक सीमा एसडीएम अंशुल सिंह सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

- **कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से जोडकर उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।**

# भरतपुर में चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस का पैदल मार्च कल

**भरतपुर** (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में कल मंगलवार को सुबह 11 बजे, चुनाव आयोग द्वारा की गई कथित धांधलियों एवं अनियमितताओं के विरोध में भरतपुर में बिजली घर चौराहे से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया जाएगा।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि अभी हाल में संपन्न हुए नगर निकाय चुनावों में भाजपा के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा की गई कथित धांधलियों एवं अनियमितताओं के विरोध में कल राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर उक्त विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला प्रभारी देशराज मीणा एवं सह प्रभारी हिम्मत चौधरी एवं ब्लॉक प्रभारी आलोक मीणा भी उपस्थित रहेंगे।पीसीसी के निर्देशानुसार कार्यक्रम में जिले के सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधिगण, पीसीसी,अग्रिम संगठन , प्रकोष्ठ, विभाग, मंडल,निकाय एवं पंचायत राज से जुड़े कार्यकर्ताओं सहित सभी पदाधिकारीयों को अति आवश्यक रूप से कार्यक्रम में उपस्थित होने को निर्देशित किया गया है।

इसके अलावा आज 28 सितम्बर को पीसीसी द्वारा आयोजित चुनाव आयोग द्वारा की गई कथित धांधलियों एवं अनियमितताओं के विरोध में शहीद स्मारक जयपुर में हुए धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम में भरतपुर जिले से जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में सैकडों कार्यकर्ता जयपुर प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके लिए सूपा पेट्रोल पम्प छभ् 21 पर वाहनों की एंट्री के लिए चेक पोस्ट बनाया गया था।

जहां से एकत्रित होकर कार्यकर्ता रवाना हुए। जयपुर में कार्यक्रम समाप्ति के बाद अशोक गहलोत, गोविन्द सिंह डोटासरा आदि नेताओं के साथ भरतपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने भी गिरफ्तारी दी।रवानगी लेने वाले कार्यकर्ताओं में पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव, योगेश सिंघल,पार्षद गजेंद्र सिंह, बबीता शर्मा, गजेन्द्र पोसवाल,महेश मीणा, लोकपाल सिंह, दिगम्बर खटाना,देशराज पहाड़िया,झमोली बयाना, देवेश, वीकेश फौजदार,पुष्पेंद्र बन्नो, दिनेश गुप्ता, हरीश सैनी, गिरीश जौहरी आदि थे।


चुनाव आयोग द्वारा की गई कथित धांधलियों के विरोध में भरतपुर में बिजली घर चौराहे से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला जायेगा।

- **बिजली घर चौराहे से कलेक्ट्रेट तक निकलेगा मार्च, पुतला दहन का कार्यक्रम**

## सार-समाचार

### राहुल खंडेलवाल ने गोसेवा कर जन्मदिन मनाया



**पावटा** । जन्मदिन को सामाजिक सरोकार और राजनीतिक मेल-मिलाप का अवसर बनाते हुए एक युवा पावटा निवासी राहुल खंडेलवाल ने पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के सान्निध्य में पावटा स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौसेवा कर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान गायों को पशु आहार, गुड , दलिया व हरि सब्जी खिलाकर सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में हाल ही में निर्वाचित नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अजय सैनी व वाइस चेयरमैन जगदीश मीणा एवं रिंकू कांसोटिया, प्रतिनिधि रिजवान कुरैशी सहित नवनिर्वाचित पार्षदों का भी फूलमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के पहुंचने पर समर्थकों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया और जीत की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में इंद्राज गुर्जर की मौजूदगी ने आयोजन को राजनीतिक रूप से भी खास बना दिया। एक ओर जहां जन्मदिन के अवसर पर गौसेवा के जरिए सामाजिक संदेश दिया गया, वहीं दूसरी ओर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान ने स्थानीय राजनीति में आपसी जुडाव और सक्रियता की तस्वीर पेश की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खासा उत्साह नजर आया। मौजूद लोगों ने जन्मदिन मनाने के इस अनूठे अंदाज की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक सेवा के साथ जनप्रतिनिधियों का सम्मान समाज में सकारात्मक संदेश देता है। इस दौरान रामकरण राठी, धर्मेंद्र गोयल, मनोज वर्मा, मनोज टेपण, नीरज सैन, उमेश अठावाल, सुशील योगी, जीतू राठी, ओमप्रकाश स्वामी, सुभाष यादव, रोहिताश यादव, पंकज जिन्दल, निलेश चौधरी, लोकेश टांक, रोहित शर्मा, प्रदीप कादिया, नितेश शर्मा, मुन्ना शर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व युवा मौजूद रहे।

### विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के उपखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पेंडेंसी का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार लम्पी रोग की स्थिति तथा पशुओं के लिए चारा एवं पानी की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुराने फसल बीमा क्लेम से संबंधित लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण कराने के निर्देश भी दिए गए। जिला कलेक्टर ने बजट घोषणा वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 की विभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने तथा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्थान सम्पर्क 2.0 पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने के लिए निर्देशित किया। इसी क्रम में सिविक एमेनिटीज से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आमजन से जुड़ी शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे अभियान शिविरों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को अभियान को गति प्रदान करते हुए अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने तथा शिविरों को सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए टीकाकरण की प्रक्रिया में आवश्यक सुधार करते हुए इसकी गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सोहन सिंह नरूका, एसडीएम कोटपूतली योगेश सिंह देवल, एसीईओ गोपाल लाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त अरुण शर्मा, एसई पीएचईडी अशोक कुमार, एसई पीडब्ल्यूडी जगदीश प्रसाद यादव, एसई जेवीवीएनएल राधेश्याम बंसल सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवक ने नशा मुक्ति का संदेश दिया

**चौमूं / कालाडेरा** । सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के तहत महाविद्यालय द्वारा गोद ली गई रैगर बस्ती में नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता अभियान चलाकर स्वयंसेवकों ने आमजन को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्थानीय लोगों को नशे के दुष्प्रभावों, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा के महत्व तथा सामाजिक समरसता के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने नशे से होने वाले व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक नुकसान की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक सहभागिता का आ ान किया। शिविर में विद्यार्थियों का माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण भी करवाया गया। इसके माध्यम से युवाओं को विभिन्न युवा गतिविधियों एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, अनुशासन तथा टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल भावना का परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जय भारत सिंह का शिविर को सक्रिय मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर की विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन एवं समन्वय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिखा पाटनी एवं डॉ. राजेन्द्र गोलाडा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एक दिवसीय शिविर के माध्यम से एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशामुक्त समाज, शिक्षित समाज और समरस समाज के निर्माण का संदेश देते हुए सामाजिक जागरूकता एवं जनभागीदारी की दिशा में सार्थक पहल की।

### कार्यग्रहण समारोह आयोजित

**टोंक ।** रोटरी क्लब की नई कार्यकारीणी कार्यकाल का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दीपक सुखाड़िया डीजेई और अध्यक्षता डॉक्टर के,सी, शर्मा रोटेरियन मोइनुद्दीन निजाम तथा सवेता सिंघल के मौजूदगी में नवगठित कार्यकारिणी के नए पदाधिकारीयों ने कार्यभार ग्रहण किया। क्लब के सचिव के ,आर खान ने बताया कि वर्ष 2026-27 के नए अध्यक्ष के रूप में यूसुफ ऐजाजी और सचिव की सचिव बी, एल ,वर्मा को कमान सौंपी गई है। क्लब द्वारा न्याय, खेलकूद, समाजसेवा, चिकित्सा, साहित्य, क्रिकेट, पर्यावरण, और मिडिया के क्षेत्र मे लोगो को सम्मानित किया गया। इस अवपर पर नेवान बंसल,जाहिद टोकी, मोहम्मद असलम, वजाहत अख्तर, ममता जाट, सुनील बंसल, गोरधन हिरोनी, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, बंसल अस्पताल के निदेशक डॉ बंसल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुरक्षा की जानकारी दी

**फुलेरा** । उप जिला चिकित्सालय फुलेरा में सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों को कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, व्यक्तिगत स्वच्छता, संक्रमण से बचाव तथा स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई।डॉ. मनोज बियानी ने सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा एवं स्वच्छता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।